अतिमहत्वपूर्ण / ध्यानाकषर्ण / समयबद्ध।

**प्रेषक,**

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

**सेवा में,**

निदेशक / प्रधानाचार्य,
(संलग्न सूची के अनुसार)
निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

**पत्रांकः प्राशिप / परिषद / दशमो0 छात्रवृत्ति / 2024 /** 653 **लखनऊः दिनांकः** 01-05-2024

**विषयः शैक्षिक सत्र 2023-24 में अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु आवेदन करने वाली निजी क्षेत्र की संस्थाओं के परिषद कार्यालय द्वारा दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति पोर्टल पर मास्टर डाटा को लॉक / अग्रसारित कराये जाने के संबंध में।**

महोदय,

कृपया, समाज कल्याण अनुभाग-3 के पत्र संः 76 / 2024 / 1293 / 26-3-2024 / C.N.-1513982, दिनांकः 26 अप्रैल, 2024 **(छायाप्रति संलग्न)** का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके अनुक्रम में शैक्षिक सत्र 2023-24 में अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु आवेदन करने वाली निजी क्षेत्र की संस्थाओं द्वारा छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति पोर्टल पर लॉक किये गये मास्टर डाटा को परिषद द्वारा अग्रसारित किये जाने संबंधी कार्यवाही की जानी है।

परिषद के छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति पोर्टल पर प्रदर्शित संस्थाओं **(सूची संलग्न)** के प्रधानाचार्य / निदेशक को निर्देशित किया जाता है कि अपनी संस्था के छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति संबंधी समस्त अभिलेखों यथा (समस्त वर्षों के सम्बद्धता विस्तार / सम्बद्धता पत्र, छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति संबंधी पोर्टल पर संस्था द्वारा लॉक किये गये मास्टर डाटा की प्रमाणित छायाप्रति जिसमें संस्था का नाम स्पष्ट रूप से अंकित हो, इत्यादि को दिनांकः **02.05.2024** तक परिषद कार्यालय के ई-मेल आई.डी. **anuparishadbte@gmail.com** पर प्रत्येक दशा में प्रेषित करना सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी निर्देशित किया जाता है कि उक्त कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध है, इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। यदि आप द्वारा नियत दिनांक तक उपरोक्त कार्यवाही सुनिश्चित नहीं की जाती है तो आपके संस्था का मास्टर डाटा परिषद कार्यालय द्वारा अग्रसारित नहीं किया जा सकेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संस्था प्रधानाचार्य / निदेशक का होगा।

**संलग्नकः यथोपरि।**

भवदीय,
01/05/24
(मानेन्द्र कुमार कनौजिया)
उपसचिव / कृते सचिव।

**पृ0सं0ः प्राशिप / परिषद / दशमो0 छात्रवृत्ति / 2024 /** 654-56 **तददिनांकः** 01-05-2024

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-**

1. उपसचिव, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग- 3, उत्तर प्रदेश शासन।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
3. कम्प्यूटर अनुभाग प्रभारी, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0 प्र0 लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उक्त पत्र परिषद कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।

01/05/24
(मानेन्द्र कुमार कनौजिया)
उपसचिव / कृते सचिव।

संख्या-76/2024/ 1293/26-3-2024/C.N.-1513982

प्रेषक,

रजनी कान्त पाण्डेय,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1-निदेशक, समाज कल्याण विभाग, उ0प्र लखनऊ।
2-निदेशक, जनजाति विकास विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।

VS(S)

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक 26 अप्रैल, 2024

**विषय- वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2023-24 में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति (शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति) योजनान्तर्गत विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेंसी स्तर पर फीस लॉक किये जाने हेतु पोर्टल खोलने के संबंध में।**

26-04-2024
(एम0 देवराज)
प्रमुख सचिव
प्राविधिक शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग
उत्तर प्रदेश शासन

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक, समाज कल्याण के पत्र संख्या-146/स0क0/ शिक्षा-अ/4/597/2024-25 दिनांक 22.04.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2023-24 में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति (शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति) योजनान्तर्गत फीस लॉक किये जाने की कार्यवाही हेतु निम्नानुसार पोर्टल खोलने की अनुमति प्रदान करते हुए शासनादेश निर्गत किये जाने का अनुरोध किया गया हैः-

| क्र0 | प्रक्रियात्मक कार्यवाही | समयावधि |
|---|---|---|
| 1 | विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेंसी/जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा फीस आदि का सत्यापन<br>प्रदेश के अन्दर सम्बन्धित विश्वविद्यालय/ एफिलियेटिंग एजेन्सी के नोडल अधिकारी द्वारा फीस को अंकित कर डिजिटल हस्ताक्षर से आनलाइन सत्यापित करना। | 30 अप्रैल से 03 मई, 2024 तक |
| 2 | जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा फीस आदि का सत्यापन<br>प्रदेश के अन्दर सम्बन्धित विश्वविद्यालय/ एफिलियेटिंग एजेन्सी के नोडल अधिकारी द्वारा भरी गयी फीस को अथवा स्वयं फीस अंकित कर डिजिटल हस्ताक्षर से आनलाइन सत्यापित करके लॉक करना। | 04 मई से 07 मई, 2024 तक |

2- उल्लेखनीय है कि शासनादेश संख्या-11/2024/148/26-3-2024/C.No-1513982 दिनांक 11-01-2024 द्वारा वित्तीय वर्ष/ शैक्षिक सत्र 2023-24 में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति (शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति) योजनान्तर्गत मास्टर डाटा लॉक करने से लेकर वितरण तक की प्रक्रिया हेतु समय निर्धारित करते हुए समय-सारिणी जारी की गयी है।

3- वित्तीय वर्ष 2023-24 में विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेंसी द्वारा फीस लॉक न किये जाने के कारण अनुसूचित जाति के 13550 छात्रों को छात्रवृत्ति (शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति) प्राप्त नहीं हुई है। इन छात्रों को उक्त वर्ष की छात्रवृत्ति (शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति) की धनराशि का भुगतान किये जाने हेतु विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेंसी के स्तर से तदोपरान्त जिला समाज कल्याण अधिकारी स्तर से फीस लॉक कराया जाना है।

4- विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेंसी के नोडल अधिकारी द्वारा फीस को अंकित कर लॉक करने के उपरांत जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा उक्त फीस को अथवा स्वयं फीस अंकित कर लॉक करने की कार्यवाही की जायेगी। उक्त डाटा में से जनपदीय छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति के स्तर से वेरीफाइड डाटा वाले छात्रों को 40 प्रतिशत राज्यांश की धनराशि का भुगतान नियमावली में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार किया जायेगा। तदोपरान्त 60 प्रतिशत केन्द्रांश की धनराशि भुगतान हेतु डाटा भारत सरकार को शेयर किया जायेगा।

5- अतएव उक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2023-24 में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति (शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति) योजनान्तर्गत फीस लॉक किये जाने की कार्यवाही हेतु उपरोक्तानुसार पोर्टल खोलते हुए आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

Digitally Signed by रजनी
कान्त पाण्डेय
Date: 26-04-2024 11:34:57
Reason: Approved

(रजनी कान्त पाण्डेय)
उप सचिव।

<u>पृ0सं0 एवं दिनाक तदैव।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, वित्त/नियोजन/मा0शिक्षा/उच्च शिक्षा/तकनीकी शिक्षा/व्यवसायिक शिक्षा/चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उ0प्र0 द्वारा निदेशक, समाज कल्याण।
4- निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
5- निदेशक, कोषागार, उ0प्र0लखनऊ।
6- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
7- निदेशक, एन0आई0सी0 राज्य इकाई, योजना भवन, लखनऊ।
8- समस्त जिला समाज कल्याण अधिकारी, उ0प्र0 द्वारा निदेशक, समाज कल्याण।
9- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(रजनी कान्त पाण्डेय)
उप सचिव।

University Course Fee

https://scholarship.up.gov.in/univ/univcoursefeedigital.aspx

Import favorites | Amazon.co.uk - Onl... | Agoda | Express VPN | McAfee Security | LastPass password... | U.P. Scholarship &... | U.P. Scholarship &...

You're in Internet Explorer mode. Most pages work better in Microsoft Edge. Open in Microsoft Edge Learn more

छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति ऑनलाइन प्रणाली -उत्तर प्रदेश

सक्षम

Scholarship and Charge Reimbursement Online System - Uttar Pradesh

Digital India
Power To Empower

Home > Verify/ Edit Fees

**Select Institute:-**

--Select--
DR. RAM MANOHAR LOHIYA DEGREE COLLEGE JHOTARI, DHAMUPUR
GYAN SHREE COLLEGE OF PROFESSIONAL EDUCATION BEHSUMA MEERUT
INNOVATIVE COLLEGE OF PHARMACY,GREATER NOIDA - 201308
KCMT CAMPUS TWO PREM PRAKASH GUPTA INSTITUTE OF ENGINEERING
NAV YUG MAHA VIDYALAY RATANPUR BARI SAHIJAN AKHAND NAGAR
PRAKASH DEGREE COLLEGE ETAH
R.S.COLLEGE OF EDUCATION, BAMNAULI
RAJVEER SINGH SIKARWAR COLLEGE SAIDPUR BALDEO MATHURA
RAMESWAR PRASAD SATYA NARAYAN MAHAVIDYALYA SHAHGANJ
ROBIN COLLEGE OF EDUCATION AND TECHNOLOGY VILLAGE SYAL KILA ROAD MEERUT
ROTARY INSTITUTE OF MANAGEMENT
SHRI BAIJNATH GIRLS INSTITUTE OF EDUCATION AND MANAGEMENT ALADADPUR BARABANKI

**Course:-**

**Type Of Course:**

## Fee and Seat

Uncheck (with control key) if there is no recognition of any year

## Selection of Student

| | |
|---|---|
| **Selection of Student:-** | प्रवेश राज्य स्तरीय काउन्सलिंग<br>विश्वविद्यालय स्तरीय<br>शिक्षण संस्थान स्तरीय प्रवेश परीक्षा के आधार पर |
| **Affiliation Doc. Upload by Institute:-** | View PDF |

## Fee,Seat and Examination Details Digitally Locked by Institute

| Year-1 | Year-2 | Year-3 | Year-4 | Year-5 | Year-1 | Year-2 | Year-3 | Year-4 | Year-5 | Year-1 | Year-2 | Year-3 | Year-4 | Year-5 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | | |

Fees & Seat Submit

Only secure content is displayed. What's the risk? Show all content

Upcoming Earnings | Search | ENG IN | 10:32 01-05-2024